भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-916

दिनांक 24 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

पारेषण और वितरण में विद्युत क्षति

916. श्री बिप्लब कुमार देबः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कुल विद्युत उत्पादन की तुलना में पारेषण और वितरण में होने वाली विद्युत क्षति का प्रतिशत क्या है; और

(ख) देश में, विशेष रूप से त्रिपुरा राज्य में विद्युत वितरण नेटवर्क की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे में सुधार के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में पारेषण हानि 3.55% और वितरण हानि 13.09% थी।

(ख) : विद्युत एक समवर्ती विषय होने के कारण, उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति और वितरण संबंधित राज्य सरकार/विद्युत यूटिलिटि के अधिकार क्षेत्र में है।

भारत सरकार ने वितरण यूटिलिटि को उनकी प्रचालनात्मक दक्षता और वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार करने में सहायता करने के लिए जुलाई 2021 में संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) की शुरुआत की।

आरडीएसएस के अंतर्गत, स्मार्ट मीटरिंग कार्यों सहित 2.82 लाख करोड़ रुपये के वितरण अवसंरचना कार्यों को अनुमोदित किया गया है, जो देश में विद्युत वितरण नेटवर्क की दक्षता बढ़ाने में विद्युत यूटिलिटि के प्रयासों में सहायक होंगे। त्रिपुरा राज्य के लिए, 598 करोड़ रुपये के हानि न्यूनीकरण और 319 करोड़ रुपये के स्मार्ट मीटरिंग कार्यों को अनुमोदित किया गया है। आज की तिथि की स्थिति अनुसार, स्वीकृत हानि न्यूनीकरण कार्यों की वास्तविक प्रगति लगभग 30% है और स्मार्ट मीटरिंग कार्य लगभग 11.4% पर है। त्रिपुरा के लिए, स्वीकृत हानि न्यूनीकरण कार्यों की वास्तविक प्रगति लगभग 49% है और स्मार्ट मीटरिंग कार्य लगभग 20% पर है।

****